NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 96 / NCRES / 20 Date :18.5.2020

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में कर्मचारियों की सर्विस रिव्यू किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

NCRES को अवगत कराना है कि कोविड—19 महामारी के कारण न केवल देश में बल्कि पूरे विश्व में संकट का दौर चल रहा है और इस राष्ट्रीय संकट के समय जब सम्पूर्ण लाक डाउन की घोषणा की गई और दिनांक 24 मार्च 2020 से पैसेन्जर ट्रेनो का संचालन पूरी तरह बंद कर दिया गया, उस भयानक संक्रमण काल में भी रेल कर्मचारियों ने आपके नेतृत्व में सैनिको की तरह कार्य करते हुये गाड़ियों के रख—रखाव व ट्रेनो के संचालन में एकजुट होकर कार्य किया और अपने जान की परवाह न करते हुये देश के एक कोने से दूसरे कोने तक पार्सल ट्रेन चलाकर पूरे देश में गरीब व असहाय लोगो के भोजन के लिये खाद्यान्न, दवायें इत्यादि आवश्यक सामग्रियो को पहुँचाने का कार्य किया है और आज भी रेलवे के सभी विभागो के कर्मचारी कड़ी मेहनत कर श्रमिक एवं स्पेशल ट्रेनो का संचालन कर रहे है।

परन्तु खेद का विषय है कि अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करने वाले कर्मचारियों का जनवरी 2020 से जून 2021 तक मिलने वाले DA को समाप्त कर उनके वेतन को कम कर दिया गया और 55 वर्ष से ऊपर के उन कर्मचारियों की लिस्ट जारी कर सर्विस रिव्यू किया जा रहा है जो सर्वथा उचित नही है और NCRES को अवगत कराना है कि ऐसे कठिन समय में यह कर्मचारियों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है जिसका असर उनकी कार्य क्षमता पर पड़ सकता है।

NCRES का आपसे अनुरोध है कि कर्मचारियों के सर्विस रिव्यू पर तुरन्त रोक लगाये और Covid-19 के ऐसे कठिन समय में नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में सभी पदो पर लम्बित प्रमोशन का आदेश निकालने के लिये उचित आदेश करे ताकि कर्मचारी पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से कार्य कर सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज